A2/4

न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक), श्रीगंगानगर
पीठासीन अधिकारी – श्रीमती रीना छीम्पा, R.A.S.
Camp - Dullapur Keri

वादपत्र संख्या 127/2018
अन्तर्गत धारा 88 राज. काश्तकारी अधिनियम

सुश्री गगनीतकौर आत्मजा श्री सुखविन्द्रसिंह, तरखान, चक 3 डी बड़ी तहसील व जिला श्रीगंगानगर

...वादिया

बनाम

राज्य सरकार द्वारा तहसीलदार (राजस्व), श्रीगंगानगर.

..प्रतिवादी

उपस्थित– सुश्री गगनीतकौर (वादिया)
पैरोकार राज (प्रतिवादी)

दिनांक 29 जून, 2018

– निर्णय –

वादपत्र के तथ्यों के अनुसार चक 5 जी. छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर के संयुक्त खाता संख्या 47 में 1.720 हैक्टर, संयुक्त खाता संख्या 48 में 6.325 हैक्टर एवं संयुक्त खाता संख्या 49 में 13.572 हैक्टर कृषि भूमि में वादिया पुष्पिन्द्रकौर सहखातेदार है. जिसका सही नाम गगनीतकौर आत्मजा श्री सुखविन्द्रसिंह है, इस प्रकार राजस्व अभिलेखों में वादिया का नाम गगनीतकौर अंकित किये जाने का निवेदन किया गया. वादपत्र के तथ्यों के समर्थन में जन्म प्रमाणपत्र दिनांक 1 अप्रेल, 2006, आधार कार्ड संख्या 2928 5065 9366, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा माध्यमिक परीक्षाा, 2013 की अंक तालिका नामााक 0923767, बैंक खाता संख्या 66311010002860 की पासबुक, सरपंच, ग्राम पंचायत, चक 5 जी छोटी द्वारा जारी प्रमाणपत्र दिनांक 28 जून, 2018 की चित्रित प्रतियां संलग्न प्रस्तुत की गयी.

प्रतिवादी राज्यपक्ष की ओर से तहसीलदार(राजस्व), श्रीगंगानगर द्वारा जवाब वादपत्र दिनांक 28 जून, 2018 प्रस्तुत किया गया जिसके अनुसार वादिया का नाम गगनीतकौर ही है अतः पुष्पिन्द्रकौर की अपेक्षा गगनीतकौर किया जाना उचित है.

मौका पर मौतबिरान से तस्दीक प्राप्त की गयी जिसके अनुसार भी सुश्री पुष्पिन्द्रकौर एवं सुश्री गगनीतकौर आत्मजा श्री सुखविन्द्रसिंह एक ही महिला के नाम हैं.

जन्म प्रमाणपत्र दिनांक 1 अप्रेल, 2006, आधार कार्ड संख्या 2928 5065 9366, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा माध्यमिक परीक्षा 2013 की अंक तालिका नामााक 0923767, बैंक खाता संख्या

सहायक कलक्टर एवं
कार्यपालक दण्डनायक
(फास्ट ट्रेक) श्रीगंगानगर

66311010002860 की पासबुक, सरपंच, ग्राम पंचायत, चक 5 जी छोटी द्वारा जारी प्रमाणपत्र दिनांक 28 जून, 2018 के साथ साथ मौतबिरान की तस्दीक के आधार पर वादिया अपने सही नाम पुष्पिन्द्रकौर उर्फ गगनीतकौर आत्मजा श्री सुखविन्द्रसिंह, तरखान घोषित करवाने का अधिकारी है.

।। आदेश ।।

अतः वादपत्र स्वीकार किया जाता है तथा वादिया का सही नाम पुष्पिन्द्रकौर उर्फ गगनीतकौर आत्मजा श्री सुखविन्द्रसिंह, तरखान घोषित किया जाता है. यथा डिक्री जारी हो.

आदेश अधिवक्तागण के समक्ष खुले न्यायालय कैम्प – दुल्लापुरकैरी में आज दिनांक 29 जून, 2018 को सुनाया जाकर मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया.

(श्रीमती रीना छीम्पा)
सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक)
श्रीगंगानगर
Camp - Dullapur Keri

A2/6

डिक्री

(order 20 rule 6-7 CPC)

न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक), श्रीगंगानगर
पीठासीन अधिकारी – श्रीमती रीना छीम्पा, R.A.S.

सुश्री गगनीतकौर आत्मजा श्री सुखविन्द्रसिंह, तरखान, चक 3 डी बड़ी तहसील व जिला श्रीगंगानगर

...वादिया

बनाम

राज्य सरकार द्वारा तहसीलदार (राजस्व), श्रीगंगानगर.

..प्रतिवादी

वादपत्र संख्या 127 / 2018
अन्तर्गत धारा 88 राज. काश्तकारी अधिनियम

प्रकरण में न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक), श्रीगंगानगर द्वारा वादिया सुश्री पुष्पिन्द्रकौर उर्फ सुश्री गगनीतकौर एवं पैरोकार राज प्रतिवादी की उपस्थिति में आदेश दिया जाता है कि –

वादिया का सही नाम पुष्पिन्द्रकौर उर्फ गगनीतकौर आत्मजा श्री सुखविन्द्रसिंह, तरखान घोषित किया जाता है.

वाद व्यय शून्य वास्ते....शून्य......खर्चा इस प्रकरण पर हुऐ व्यय मय ब्याज... शून्य.......दर वार्षिक ...शून्य........आज की तिथि से वसूली दिवस तक अदा करें.

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 29 जून, 2018 को जारी की गयी.

सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक)
श्रीगंगानगर

वादी	राशि (00.00)	प्रतिवादी	राशि (00.00)
स्टाम्प वादपत्र	00.00	स्टाम्प वकालतनाम	00.00
स्टाम्प वकालतनाम	00.00	स्टाम्प आवेदनपत्र	00.00
स्टाम्प अभिलेखीय साक्ष्य	00.00	वकील शुल्क	00.00
वकील शुल्क	00.00	व्यय साक्षीगण	00.00
व्यय साक्षीगण	00.00	आयुक्त शुल्क	00.00
आयुक्त शुल्क	00.00	व्यय इजराय	00.00
कुल	**00.00**	**कुल**	**00.00**

सहायक कलक्टर एवं
कार्यपालक दण्डनायक
(फास्ट ट्रेक) श्रीगंगानगर